आकाशवाणी मध्यप्रदेश
प्रादेशिक समाचार

दिनांक : 29.04.2026 समय : 02.10pm

पीएम-एक्सप्रेसवे

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज उत्तर प्रदेश के हरदोई में 594 किलोमीटर लंबे गंगा एक्सप्रेसवे का उद्घाटन किया। यह एक्सप्रेसवे उत्तर प्रदेश का अब तक का सबसे लंबा एक्सप्रेसवे है। यह हाईवे मेरठ से प्रयागराज तक 12 जिलों से होकर गुजरेगा और दोनों शहरों के बीच का सफर 12 घंटे से घटाकर सिर्फ 6 घंटे कर देगा। शाहजहांपुर में इस पर साढ़े तीन किलोमीटर लंबी एयरस्ट्रिप भी बनाई गई है, जिसका इस्तेमाल वायु सेना के विमान जरूरत पड़ने पर कर सकते हैं। श्री मोदी ने कहा कि जैसे गंगा नदी यूपी की जीवनरेखा है, वैसे ही यह एक्सप्रेसवे राज्य के विकास की नई जीवनरेखा बनेगा।

वैदिक घड़ी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वाराणसी दौरे के दौरान काशी विश्वनाथ मंदिर में बाबा का पूजन-अभिषेक किया और वहां स्थापित 'विक्रमादित्य वैदिक घड़ी' को देखा। यह दुनिया की पहली वैदिक घड़ी है, जो भारतीय पंचांग, विक्रम संवत, ग्रहों की स्थिति और सूर्योदय के आधार पर समय बताती है। प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने यह घड़ी उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भेंट की थी, जिसे 4 अप्रैल को मंदिर परिसर में लगाया गया।

समीक्षा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज मंत्रालय में उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग की योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने किसानों की आय बढ़ाने के लिए अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के हितग्राहियों को सिंगल क्लिक के माध्यम से राशि का अंतरण किया। वहीं दूसरी तरफ डॉ. यादव ने आज भोपाल निवास पर केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान से मुलाकात की। दोनों नेताओं के बीच प्रदेश के विकास से जुड़े अहम मुद्दों पर चर्चा हुई।

लोकार्पण

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज खरगोन जिले के जलूद में 271 करोड़ रुपए की लागत से बने 60 मेगावाट के कैप्टिव सौर ऊर्जा संयंत्र का लोकार्पण करेंगे। इसे इंदौर नगर निगम ने केंद्र सरकार की सीपीएसयू योजना के तहत स्थापित किया है। इस संयंत्र से हर साल करीब 9.73 करोड़ यूनिट बिजली बनेगी जिसका उपयोग जलूद पंपिंग स्टेशन और ई-व्हीकल चार्जिंग स्टेशनों में होगा।

सांची-ग्लोबल ब्रांड

प्रदेश सरकार और राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड के बीच सांची ब्रांड को अमूल की तरह राष्ट्रीय और वैश्विक पहचान दिलाने के लिए ऐतिहासिक समझौता हुआ है। इस करार के तहत NDDB अगले 5 साल तक मध्य प्रदेश राज्य सहकारी दुग्ध संघ का प्रबंधन संभालेगा और घी, पनीर व श्रीखंड जैसे उत्पादों का अंतरराष्ट्रीय निर्यात भी किया जाएगा।

उत्कृष्टता पुरस्कार

लोक प्रशासन में नवाचार को बढ़ावा देने के लिए दिए जाने वाले मुख्यमंत्री उत्कृष्टता पुरस्कार 2026 के लिए आवेदन की अंतिम तारीख 15 जुलाई 2026 तय की गई है। यह पुरस्कार सरकारी कामकाज में नए और बेहतर तरीके अपनाने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों को दिया जाता है।

मौसम

प्रदेश में गर्मी का कहर जारी है। कल खजुराहो में पारा 44.8 डिग्री तक पहुंच गया, वहीं भोपाल में 43.6 डिग्री दर्ज हुआ जो पिछले 10 साल में दूसरा सबसे गर्म दिन रहा। मौसम विभाग ने आज ग्वालियर, मुरैना, छतरपुर, रीवा, सतना समेत 15 जिलों में लू चलने का अलर्ट जारी किया गया है । हालांकि शाम के बाद कुछ जिलों में गरज-चमक के साथ हल्की बारिश होने की भी संभावना है।

गेहूं खरीदी

खाद्य मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने बताया कि प्रदेश में अब तक 4 लाख 88 हजार से ज्यादा किसानों से 19.90 लाख मीट्रिक टन गेहूं की खरीदी हो चुकी है। श्री राजपूत का कहना है कि इसके लिए किसानों को 2 हजार 548 करोड़ रुपए से अधिक का भुगतान किया जा चुका है। इस साल सरकार ने 100 लाख मीट्रिक टन खरीदी का लक्ष्य रखा है, जो पिछले साल के 77 लाख मीट्रिक टन से काफी ज्यादा है। वहीं स्लॉट बुकिंग की तारीख भी 9 मई तक बढ़ा दी गई है।

<u>कुछ समाचार संक्षेप में :-</u>

- जबलपुर में किसानों को 1 मई से ई-विकास प्रणाली के माध्यम से किसानों को उनकी पात्रता के 50 प्रतिशत बीज दिये जाएंगे।
- शिवपुरी कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक ने कल नशीले पदार्थों की रोकथाम के लिए स्कूलों के आसपास से धूम्रपान और नशीले पदार्थों की दुकानों को हटाने के निर्देश दिए
- नीमच कलेक्टर ने जिले में जनगणना कार्य में लगे समस्त अधिकारियों कर्मचारियों के 01 मई से 30 मई तक सभी प्रकार के अवकाश पर प्रतिबंध लगा दिया है।
- विद्यार्थियों के बायोमेट्रिक अपडेट अभियान **विद्यार्थी के लिए आधार अब विद्यालय के द्वार** के क्रियान्वयन में डिंडौरी जिला प्रदेश के टॉप-5 जिलों में शामिल हो गया है
- प्रदेश के हजारों अतिथि शिक्षक आज भोपाल के अंबेडकर पार्क में दोपहर 12 बजे से शाम 5 बजे तक प्रदर्शन कर रहे हैं।

....